an>

Title: Issue regarding construction of low grade roads under Prime Minister Gram Sadak Yojana in Barabanki Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh.

श्रीमती प्रियंका सिंह रावत (बाराबंकी) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद करती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र बाराबंकी प्रधान मंत्री सड़क योजना के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण तथ्य हैं जो मैं आपके समक्ष रखना चाहती हूं। वर्ष 2007 में योजना के दिशा निर्देशों में संशोधित किया गया जिसके अनुसार देश के मैदानी क्षेत्र जिनकी आबादी 500 है और पर्वतीय क्षेत्र जिनकी आबादी 250 है। प्रधान मंत्री सड़क योजना के संबंध में मैंने अपने संसदीय क्षेत्र बाराबंकी में भ्रमण के दौरान देखा कि केन्द्र सरकार की यह योजना पूर्ण रूप से सफल नहीं हो रही है और यह चिन्ता का विषय है। यह मेरे संसदीय क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की ऐसी स्थिति है। मैंने भ्रमण के दौरान कुछ ऐसे तथ्य पाए जो मैं आपके सामने रखना चाहती हूं। जनपद में शासन के स्तर से निर्धारित मानकों एवं गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है। किसी भी सड़क को हॉट मिक्स प्लांट से निर्मित नहीं किया जा रहा है। किसी भी निर्माणधीन सड़क पर मानक बोर्ड नहीं लगाए जा रहे हैं। लेपन कार्य मार्ग एक कोट करके छोड़ दिया जाता है। और तो और निर्माण कार्य की गति अत्यंत धीमी है।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: You do not read all of them. What you want, you submit that.

श्रीमती प्रियंका सिंह रावत : अत: मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि ऐसी स्थिति को संज्ञान में लेते हुए उच्च स्तरीय केन्द्रीय तकनीकी टीम से सत्यापन करवाकर उचित आवश्यक कार्यवाही कराने की कृपा करें।